भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-212

उत्तर देने की तारीख-04/12/2023

विश्वविद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि

†212. श्री एस. ज्ञानतिरावियम:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उच्च शिक्षा संबंधी अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) ने खुलासा किया है कि विगत पांच वर्षों के दौरान विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस तरह की वृद्धि में सबसे बड़ा हिस्सा राज्य के निजी और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों का है; और
(घ) क्या उक्त महाविद्यालयों में अधिकांश निजी क्षेत्र के हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**डॉ. सुभाष सरकार**)

(क) और (ख) अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार, एआईएसएचई में पंजीकृत उच्च शिक्षा संस्थानों (अर्थात् विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टैंडअलोन संस्थानों) की संख्या 2017-18 में 49,964 से बढ़कर 2021-22 (अनंतिम) में 58,643 हो गई है, जो 17.4% की वृद्धि है।

(ग) एआईएसएचई के तहत पंजीकृत राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की संख्या 2017-18 में 370 से बढ़कर 2021-22 (अनंतिम) में 445 हो गई है। इसी तरह, राज्य निजी विश्वविद्यालयों की संख्या 2017-18 में 263 से बढ़कर 2021-22 (अनंतिम) में 392 हो गई है। केंद्र सरकार के अधीन विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों की संख्या भी 2017-18 में 180 से बढ़कर 2021-22 में 240 हो गई है। इसके अलावा, एआईएसएचई के अंतर्गत पंजीकृत कुल विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों में से लगभग 59% सरकारी हैं।

(घ) एआईएसएचई 2021-22 में प्राप्त कॉलेजों की प्रतिक्रियाओं के अनुसार, 21.5% सरकारी कॉलेज, 13.2% निजी (सरकारी सहायता प्राप्त) और 65.3% निजी (गैर सहायता प्राप्त) हैं।

*****